## सड़क बंद कर म्यूनिसपल के सफाई कार्य से लोगों को हो रही है परेशानी




**राउरकेला :** सड़क बंदकर म्यूनिसपल के सफाई कार्य से लोगों को परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि राउरकेला के बासंती कॉलोनी के कनयका मंडप के समीप के चौक पर दिन के करीब 1.30 बजे सड़क बंदकर म्यूनिसपल की गाड़ियां कचरा उठाने का काम कर रही हैं। जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि ऐसे समय में म्यूनिसपल सफाई कार्य कराती है जब स्कूल के बच्चे बसों व ऑटो से घर लौटते हैं। उक्त समय म्यूनिसपल की गाड़ियां सड़क के बीच गाड़ियों को खड़ाकर कचड़ा उठाने का काम शुरू करती है। जिससे बच्चों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। यह काम सुबह नौ बजे से पहले कर लिया जाना चाहिए। लेकिन नगरपालिका ऐसा न कर बच्चों के स्कूल तथा लोगों के कार्यालय आने जाने वाले समय पर करती है। जिससे बच्चों सहित आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौर करने वाली यह बात है कि एक तरफ लंबा चौड़ा मार्ग पर कचरे का अंबार लगे रहने के कारण लोग उस सड़क का इस्तेमाल कम ही करते है। लोग इस सड़क का इस्तेमाल बदबू की वजह से नहीं करते। वही दूसरी ओर म्यूनिसपल बासंती कॉलोनी के ई एम ब्लॉक में सफाई की ओर ध्यान नहीं देती है। उक्त इलाके के जो लोग पैसा देते हैं। म्यूनिसपल के सफाई कर्मचारी उनके घर के सामने की सफाई कर बाकी बाद छोड़ कर चले जाते है। वहीं दूसरी ओर आरएमसी होल्डिंग टैक्स अप्रत्याशित रूप से बढ़ाकर रखी है। लोगों का कहना है कि उन्हें टैक्स से कोई शिकायत नहीं है लेकिन साफ सफाई की व्यवस्था सुव्यवस्थित की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होने से बासंती कालोनी के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## बेकाबू ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, बाल-बाल बचा चालक

**राजगॉगपुर :** सीमेंट से लदी ट्रक अनियंत्रित होकर बीजू एक्सप्रेस के डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक (ओडी16बी-2672) सीमेंट से लदी थी और वह राजगांगपुर से संबलपुर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में उक्त ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क के डिवाइड पर चढ़कर बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। मामले की जानकारी मिलने पर कुतरा थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुलिस ने आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार

### 27 हजार रुपये सहित सात मोबाइल व तास जब्त



**राउरकेला :** प्लांट साइट पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने 27 हजार रुपये सहित सात मोबाइल और ताश के पत्ते जब्त किये है। गिरफ्तार जुआरियों में गोपबंधुपाली अंचल के मो.आफताब, प्लांट साइट पोस्ट ऑफिस गली के पिंटू राय, डेली मार्केट के अमिताज यादव, पावर हाउस रोड के स्वरूप बक्शी, लाल बिल्डिंग गली का मुकेश सिंह, प्लांट साइट का चंदन साहनी, बासंती कॉलोनी के डीएल चौक दुर्गापुर बस्ती के छोटू दत्ता और मधुसूदनपाली का भोला साहू हैं। प्लांट साइट पुलिस ने बतायी कि गत देर रात को सूचना मिली की जनता निवास गली में स्थित सुनसान मैदान में जुआ खेला जा रहा है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने उक्त जगह पर छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## उपजिलाधिकारी ने की संयुक्त जन सुनवाई

**वणई :** गुरूंडिया पंचायत समिति के सभा कक्ष में उपजिलाधिकारी ने संयुक्त जनसुनवाई की। गौरतलब है कि जनसुनवाई जिलाधिकारी करते है लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण उपजिलाधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए 22 व्यक्तिगत मामले, 16 सामुदायिक मामले, पांच रेडक्रास के मामले सहित कुल 43 मामलों को निपटारा किया। जिलाधिकारी की अनुपस्तिथि में उपजिलाधिकारी प्रदीप डांग ने जनसुनवाई का संचालन किया। सुनवाई के दौरान सोल पंचायत महुलडिह के पेयजल आपूर्ति परियोजना व 61 लोगों के विभिन्न तरह के भत्ते का लाभ देने के साथ ही दो दिव्यांग स्वयं सहायक समूह के प्रति व्यक्ति को 50 हजार रुपये व्यवसाय करने के लिए अनुमोदित किया गया। इस जनसुनवाई में जिला मुख्य चिकित्सालय के अधिकारी सरोज मिश्र तथा बीडीओ पी किरो समेत सभी सरपंच, समिति सदस्य, जिला परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

## वीर बिरसा मुंडा स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य में बिलंब होने से लोगों में मायूसी

**राउरकेला :** स्मार्ट सिटी की ओर से बिरसा मुंडा स्टेडियम में फुटबॉल खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहुमंजिला पार्किंग, स्विमिंग पुल आदि के निर्माण के लिए राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने चार नवंबर 2018 को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये उदितनगर मैदान में शिलान्यास किया था। उस वक्त आरडीए के अध्यक्ष शारदा प्रसाद नायक, रघुनाथपाली के विधायक सुब्रत तराई, तत्कालीन स्मार्ट सिटी के सीईओ रश्मिता पंडा आदि उपस्थित थे। इस शिलान्यास के हुए एक साल बीत जाने के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य लोगों को नहीं दिख रहा है। हालांकि गत 20-25 दिनों से स्टेडियम की मिट्टी की जांच की जा रही है। गत दो दिन पहले एक ठेकेदार द्वारा काम प्रारंभ करने के लिए पूजा कार्य शुरू किया गया। गत एक साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न होने से लोगों में तरह के कयास लगाये जा रहे है। लोगों का कहना है कि राज्य सरकार की सारी परियोजनाएं केवल कागजों में दिखती है। सरकार करोड़ों रुपये कंसल्टेंसी उच्च वेतन वाले कर्मचारी के पीछे खर्च कर रही है। जिससे विधायक से लेकर सांसद, केंद्रीय मंत्री स्मार्ट सिटी के कार्य से असंतुष्ट है।

## दो मित्रों के निजी पैसे से किये गये सड़क मरम्मत कार्य को लोगों ने सराहा



**राउरकेला :** दो मित्रों ने अपने निजी पैसे से सड़क मरम्मत का कार्य कर समाज के सामने एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि छेंड कालोनी स्थित डीएसपी आफिस से होकर गुजरने वाली रिंग रोड गत कई माह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके वजह से आयेदिन दुर्घटना हो रही थी। स्थानीय लोगों ने इसे लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। प्रशासन की इस उदासीनता को देखकर वाहन चालक शेख मुमताज व प्रमोद विश्वाल ने मिलकर अपने पैसे से उक्त सड़क की मरम्मत कार्य कर आरएसी विभागीय अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया है। इन दोनों दोस्तों के प्रयास से सड़क मरम्मत हो जाने पर स्थानीय लोग उनके इस कार्य की खूब प्रशंसा कर रहे है।

## राउरकेला स्टील प्लांट में ओवरहॉलेड लोकोमोटिव प्रारंभ



**राउरकेला :** राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के ट्रैफिक एंड रॉ मटेरियल डिपार्टमेंट में गतदिन आयोजित एक समारोह में कार्यपालक निदेशक (वर्कर्स), गौतम बनर्जी ने ओवरहॉलेड लोकोमोटिव (कॉल नं. 1409) का शुभारंभ किया। इस समारोह में सीजीएम प्रभारी (सेवा), सीआर महापात्र, महाप्रबंधक प्रभारी (टी एण्ड आर एम), ए के बेहेरा और विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। बनर्जी ने ओवरहॉल किये गये लोकोमोटिव का जायजा लिया और इंजन को कुछ दूर तक चला कर ले गए। उन्होंने कर्मीसमूह से वर्तमान वित्त वर्ष में चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लोकोमोटिव का सर्वोत्तम उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विभाग में समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि लोकोमोटिव आंतरिक और बाहरी रोलिंग स्टॉक के आने जाने के लिए आवश्यक उपकरण हैं और स्टील प्लांट के तैयार उत्पादों का प्रेषण से सीधे संबंधित हैं। आरएसपी के पास 40 लोकोमोटिव का समूह है। ट्रैफिक और रॉ मटेरियल विभाग के लोको मेंटेनेंस अनुभाग द्वारा लोकोमोटिव की रखरखाव की जाती है। इस अनुभाग में दो शॉप में से एक लोको लाइट रिपेयर शॉप और लोको हैवी रिपेयर शॉप हैं। सामयिक ओवरहॉलिंग (पीओएच) को छोड़कर लोकोमोटिव के सभी निवारक और ब्रेक-डाउन रखरखाव को घरेलू तौर पर किया जाता है। गौरतलब है कि पीओएच सबसे महंगा विस्तृत निवारक रखरखाव कार्यक्रम है और आरएसपी इसे गोल्डन रॉक, भारतीय रेलवे कार्यशाला, त्रिचुरापल्ली में करवा रहा है। सभी मेकानिकल, इलेक्ट्रिकल और वायवीय असेंबलियों और सब-असेंबली को ओवरहॉल किया जाता है, लोकोमोटिव का पूरा रीवाइरिंग, डेंटिंग और पेंटिंग शेड्यूल में किया जाता है। लोकोमोटिव कॉल नं. 1409 का निर्माण मेसर्स डीजल लोकोमोटिव वर्कर्स, भारतीय रेलवे, वाराणसी द्वारा किया गया था। वर्ष 1982 में इसे खरीद और चालू कर दिया गया था। लोकोमोटिव को जून 2019 में गोल्डन रॉक इंडियन रेलवे वर्कशॉप, त्रिचुरापल्ली में समय-समय पर ओवरहॉलिंग के लिए भेजा गया। इसे समय-समय पर ओवरहॉलिंग के बाद 22 नवंबर, 2018 को आर.एस.पी. में वापस प्राप्त किया गया। उल्लेखनीय है कि यह लोकोमोटिव का तीसरा पीओएच था। लोकोमोटिव के ओवरहालिंग ने इसकी विश्वसनीयता, उपलब्धता और हॉर्श पावर में सुधार लाया है जिसके परिणामस्वरूप रोलिंग स्टॉक के आंतरिक और बाहरी गति में सुधार हो पायेगा।



*आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के सदस्य विभिन्न मांगों को लेकर उपजिलापाल कार्यालय के समक्ष धरना देते हुए।*

## प्रशासन ने प्रीपेड ऑटो सेवा शुरू करने को लेकर की बैठक

**राउरकेला :** राउरकेला शहर में प्रीपेड ऑटो सर्विस शुरू करने को लेकर एक बैठक की। यह बैठक राउरकेला के अतिरिक्त जिलाधिकारी डॉ विजय येदुला की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में नये साल से राउरकेला रेलवे स्टेशन से प्रीपेड ऑटो सेवा कैसे प्रारंभ की जाए इस पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि ऑटो चालकों की मनमानी के कारण भाड़ा में असमानता होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों के इस परेशानी से निजात दिलाने के उद्देश्य से प्रीपेड आटो सेवा शुरू करने के लिए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। गौरतलब है कि प्रीपेड आटो सेवा शुरू किये जाने से यात्रियों को किलोमीटर के अनुसार निर्धारित किया हुआ भाड़ा देना होगा। इससे आटो चालक यात्रियों का दोहन नहीं कर सकेंगे। इस मामले को लेकर अतिरिक्त जिलाधिकारी डॉक्टर येदुला विजय ने सभी से विचार विमर्श कर इस सेवा को शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। इस बैठक में आंचलिक परिवहन अधिकारी विश्वराज बेहरा, एमवीआई पुरुषोत्तम साहू व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख लोग शामिल थे। बैठक में सभी ने आटो प्रीपेड पर अपनी अपनी विचार रखी एवं इसे सराहनीय कदम बताया। सभी ने इस कार्य के लिए भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## राजगांगपुर पुलिस ने चोरी की सामान बरामद की



**राजगांगपुर :** राजगांगपुर पुलिस ने चोरी की सामान बरामद की है। गौरतलब है कि हाल ही में कुछ अज्ञात चोरों ने बगीचापाड़ा के चंदन प्रसाद के घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषणों के साथ एक एलईडी टीवी, एक सैमसंग का कंप्यूटर, एलजी कंपनी की म्यूजिक सिस्टम आदि चोरी कर ले गये। इस मामले की शिकायत मकान मालिक चंदन प्रसाद ने राजगांगपुर थाने में दर्ज करायी थी। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी पुअ उर्फ प्रकाश नाग (21) को स्वर्ण आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा अन्य सामानों के विषय में पूछे जाने पर उसने बताया कि वह 42 इंच का एलइडी टीवी, सैमसंग कंप्यूटर, मोनिटर एवं एलजी का म्यूजिक सिस्टम आदि भगत टोला के कुन्नू उर्फ पद्मचरण पटनायक (25) से बेच दिया है। आरोपी प्रकाश की निशानदेही पर पुलिस ने पद्म चरण पटनायक से सारी वस्तुएं बरामद कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आज दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## राउरकेला सरकारी अस्पताल से एंटी रेबीज इंजेक्शन गायब



**राउरकेला :** राउरकेला सरकारी अस्पताल से एंटी रेबीज इंजेक्शन गायब है। यह इंजेक्शन कुत्ता काटने के बाद दिया जाता है। अस्पताल में इस इंजेक्शन के न होने से लोग निराश होकर लौट रहे है। गौरतलब है कि इनदिनों शहर में कुत्ते के काटने का आतंक बढ़ गया है। कुत्तों का यह आंतक केवल स्मार्ट सिटी में ही नहीं बल्कि आसपास के इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। आजकल राउरकेला सरकारी अस्पताल में हर रोज करीब 80 से ज्यादा कुत्ते काटने के मरीज आ रहे है। कुत्ते के काटने पर लगने वाली एंटी रेबीज इंजेक्शन के न होने के कारण लोग निराश होकर लौट रहे है। यह स्थिति गत एक दो दिन की बात नहीं है बल्कि पूरे सप्ताह की है। लोगों की इस परेशानी से आरजीएच के विभागीय अधिकारियों से परिचित करायी जा रही है। लेकिन कोई लाभ होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि राउरकेला सरकारी अस्पताल में राउरकेला के ही नहीं बल्कि झारखंड, छत्तीसगढ़ समेत सुंदरगढ़, कोइड़ा, नुआगांवस, बिसरा, लाठीकटा, राजगॉगपुर, लहुणीपाड़ा, वणई, कुआरमुंडा, हाथीबाड़ी आदि अंचलों से लोग आते है। लेकिन अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन नहीं होने के कारण मरीजों के परिजनों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस तरह के मरीज के परिजन को बाहर के दवा दुकानों से इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। हालांकि कुछ मरीजों को आरजीएच के डाक्टरों की सलाह से राउरकेला से करीब 90 किलोमीटर दूर सुंदरगढ़ शहर अस्पताल भेजा जा रहा है। हालांकि कुत्ते के मरीजों के हित के लिए एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए आरजीएच के अधिकारी स्वास्थ जमा राशि से करीब 20 लाख रुपये खर्च कर चुकी है। अब आरजीएच के पास एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए फंड नहीं है और विभागीय अधिकारी मरीजों की इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे है।


MCL

# महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

जागृति विहार, बुर्ला-768020, जिला-सम्बलपुर, ओडिसा

टेली फोन (इपीएबीएक्स)-0663-2542461 से 469, वेबसाइट :**www.mahanadicoal.in**

## ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएं, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल (https://coalindiatenders.nic.in) में प्रकाशित है जिन्हें केन्द्रीय सार्वकनिक प्रापण पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है । परवर्त्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें ।

| क्रम सं. | निविदा आईडी | कार्य/सेवा का नाम | निविदा का मूल्य (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019_MCL_157261_1 | Caretaking, upkeeping and day to day operation of canteen at MT Hostel of Lingaraj Township of Lingaraj OCP under Lingaraj Area for three years. | 6020927.00 |
| 2 | 2019_MCL_157376_1 | Providing and laying APP water proof roofing treatment and renovation of water storage tank platform at Sharma Chhak Colony of Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 1238153.00 |
| 3 | 2019_MCL_157377_1 | Repairing and maintenance works of non-residential buildings of Lingaraj OCP, Lingaraj Area.(For a period of two years) | 2398470.00 |
| 4 | 2019_MCL_157379_1 | Fencing with concertina wire between public road and OB dump near dumper parking of Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 1041490.00 |
| 5 | 2019_MCL_157236_1 | Procurement of 6-1/4 dia air blast Milled Steel Tooth Type TRR bit | 8856540.00 |
| 6 | 2019_MCL_157546_1 | PROCUREMENT OF SPARES FOR WIRTGEN SURFACE MINER | 2945469.00 |
| 7 | 2019_MCL_157496_1 | Regular brooming of Road and side drain cleaning, kutcha drain cleaning from Biswal Chowk to Shiv Mandir of Village Road at Ananta OCP for a period of 02(two) years. | 2347165.00 |
| 8 | 2019_MCL_157502_1 | Regular cleaning and sweeping of outside area of DAV Public School, Dera (English Medium) under Jagannath Area for a period of 02(two) years. | 1999541.00 |
| 9 | 2019_MCL_157507_1 | Fire Fighting at different points of Mines for a period of 01(one) year at Ananta OCP under Jagannath Area. | 1000774.00 |
| 10 | 2019_MCL_157517_1 | Repairing / Replacement of 100 mm dia pipe line from Intermediate pump House to Jagannath House under Jagannath Area.(Re-tender) | 1468538.00 |
| 11 | 2019_MCL_157526_1 | Hiring of HEMMs (Shov, Dumpers, Dozers etc.) for Re-handling of Over Burden includ excav, loadg, transp, dump, spread, doz of the same at spec areas for dump and levelg as per the instruct of Proj Mngmt of Bharatpur OCP, Bharatpur Area, MCL | 289651815.00 |
| 12 | 2019_MCL_157542_1 | Black Topping Road from New Naraharipur to Anadipur under CSR Scheme of Bhubaneswari OCP,Jagannath Area. | 5380689.00 |
| 13 | 2019_MCL_157539_1 | Repairing of 69 nos. of Isolation/sectionalisation stoppings at Nandira Colliery, Talcher Area. | 573066.00 |
| 14 | 2019_MCL_157442_1 | Supplying and placing of sand bags at blasting holes for the purpose of muffle blasting inside mine at BOCM of Lakhanpur Area. | 3431331.00 |
| 15 | 2019_MCL_157346_1 | Laying of 6 inch and 4 inch pipe line over metallic post and providing and fitting of sprinklers for dust suppression along coal transport road of Belpahar OCM, Lakhanpur Area. | 1886108.00 |
| 16 | 2019_MCL_157557_1 | Supply of 06(Six) Nos. Manpower per day for fire fighting work at different places of Bharatpur Project for one year that is three hundred sixty five days (365 days). | 1099577.00 |
| 17 | 2019_MCL_157493_1 | Providing and fixing of impeller shaft on pump no 1 of BHR 54 VT pump and repairing of 03 (Three) no(s) of pump base of BHR 54 VT pump at Ph-II, Intake Well of IWSS, Lingaraj Area | 264827.00 |
| 18 | 2019_MCL_157494_1 | Repairing of 01 no submersible pump motor set sl. no. PP38056, 415V, 120HP, 100 mtr head x 800GPM discharge having 200mm dia outlet of IWSS, Lingaraj Area | 246373.00 |
| 19 | 2019_MCL_157623_1 | Supply of filters for TATA 1200 Hydraulic Excavator | 72679.00 |
| 20 | 2019_MCL_157624_1 | Supply of TYRE FOR Godrej make Tyre Handler | 247200.00 |
| 21 | 2019_MCL_157596_1 | Day to day cleaning of oil and grease trap (ETP) including its associated drains at CWS(X) Talcher (ReTender) | 243508.00 |
| 22 | 2019_MCL_157605_1 | Supply of Spares for H T Starter, Circuit Breaker and field switch. | 187487.00 |
| 23 | 2019_MCL_157618_1 | Supply of Consumable / Spares for BE 1600 Hyd. Excavator. | 173967.00 |
| 24 | 2019_MCL_157625_1 | Procurement of Drill Bit 27mm for Nandira Colliery MCL Talcher Area | 365328.00 |
| 25 | 2019_MCL_157645_1 | Thorough repair and maintenance of S/S C - type 17 units quarters at Dera colony and tile flooring works of D/S C-type 12 units quarters at GMT colony under Talcher Area | 6948648.00 |
| 26 | 2019_MCL_157653_1 | Engaging 03 three Nos. of highly skilled and 03 three Nos. of skilled manpower for operation of LnT Surface Miner No. 24 daily for a period of 90 days at Lingaraj OCP, Lingaraj Area. | 686981.00 |
| 27 | 2019_MCL_157613_1 | Regular cleaning including making temporary toilets during Dhanuyatra of Kansa Mandap and DAV field at BIT, Lakhanpur Area. | 99295.00 |
| 28 | 2019_MCL_157697_1 | Day to day repair and maintenance of Electrical Works of GM Office, VIP Guest House, IB house, DAV school, Relax Inn, Rabindra Bhaban, Kalyan Mandap, VSS Stadium, Regional stores, GM complex Colony, new doctors colony, over head lines, sub-station, D | 3805958.00 |
| 29 | 2019_MCL_157773_1 | Procurement of Electrodes for Nandira Colliery MCL Talcher Area. | 154191.00 |
| 30 | 2019_MCL_157879_1 | Supply of spares for LnT CK-300 Hyd excavator at Lingaraj OCP (Exclusively for OEM/OPM/OES) | 925421.00 |
| 31 | 2019_MCL_157868_1 | Providing and Fixing of Mosquitoes Proof Wire Net Aluminium Shutters of 48 Nos C-Type Quarters at Ananta Vihar Colony of Ananta OCP under Jagannath Area. | 4840491.00 |
| 32 | 2019_MCL_157880_1 | Renovation of old stair case at GMs office of Jagannath Area. | 1499393.00 |
| 33 | 2019_MCL_157718_1 | Work related to Annual Mine Safety Fortnight 2019-20 proposed to be observed at BOCM of Lakhanpur Area | 959779.00 |
| 34 | 2019_MCL_157799_1 | Supply of drinking water to village Lajkura near SOCP of IB Valley Area for one year. | 343182.00 |
| 35 | 2019_MCL_157817_1 | Gravelling and sand work in site 33KV substation yard of Lajkura OCP IB Valley Area. | 1042851.00 |
| 36 | 2019_MCL_157833_1 | Repairing and maintenance of WB platform RCC approach road cabin for six weigh bridges at Samaleswari OCP,IB Valley Area. | 3316197.00 |
| 37 | 2019_MCL_157667_1 | Supply of Spares for A.C fitted in HEMMS. | 1838940.00 |
| 38 | 2019_MCL_157857_1 | Supply of Spares for EKG Rope Shovel. | 1923862.00 |
| 39 | 2019_MCL_157875_1 | Procurement of Spares for Maxflow pump for Nandira Colliery MCL Talcher Area. | 1088621.00 |
| 40 | 2019_MCL_157795_1 | Repairing work for development of areas consisting of game equipments for children at Central park and playground at CWS colony CWS IBV | 388879.00 |
| 41 | 2019_MCL_156697_1 | PVC internal wiring of UBI bank at Basundhara Area | 255470.00 |
| 42 | 2019_MCL_157684_1 | Construction of Coal Corridor road (3.21 KM) with concrete surfacing passing through Lingaraj OCP (Phase-II) at Talcher coalfields of MCL | 264413508.00 |
| 43 | 2019_MCL_157979_1 | Construction of Coal Corridor road (concrete surfacing) passing through Jagannath OCP (Phase-II) at Talcher coalfields of MCL (Second Call). | 93479222.00 |
| 44 | 2019_MCL_158038_1 | Hiring of one no. AC running covered jeep (Bolero or equivalent) seating capacity 8 plus 1 on 12 hrs duty basis with deployment of one no. of driver having staggered rest max run 2500 km/month, for 02 years (682 days) for Finance Deptt Lakhanpur Area | 993674.00 |

एमसीएल ई-प्रापण सहायता केन्द्र (फोन नं-0663-2542695 / 2542264), ई-मेल- **hlp-eproc.mcl@coalindia.in** R-4956

**हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड कॉल दें ।**